# प्रेस नोट

## दिनांक 24.10.2025

## मिशन शक्ति केन्द्र राठ द्वारा पारिवारिक विवाद का कराया गया समाधान

अवगत कराना है कि आज दिनांक 24.10.2025 को थाना राठ, जनपद हमीरपुर स्थित मिशन शक्ति केन्द्र पर आवेदिका उर्मिला पत्नी सीताराम निवासी ग्राम सैना, थाना राठ, जनपद हमीरपुर द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि उसके पति सीताराम आए दिन उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करते हैं। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों को केन्द्र पर उपस्थित कराकर आपसी बातचीत के माध्यम से उनकी समस्या सुनी गई तथा पारिवारिक विवाद के समाधान हेतु काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को पारिवारिक जीवन की महत्ता समझाते हुए कई उदाहरण प्रस्तुत किए गए तथा पुराने मतभेदों को भुलाकर नये सिरे से सौहार्दपूर्ण जीवन व्यतीत करने की सलाह दी गई। आवेदिका के पति सीताराम को गाली-गलौज व मारपीट न करने की सख्त हिदायत दी गई। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति व्यक्त करते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद या झगड़े से परहेज़ करने की बात कही तथा आपसी मनमुटाव दूर कर नये सिरे से जीवन यापन करने की सहमति जताई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आवेदिका उर्मिला की समस्या का समाधान कर भविष्य में भी आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया तथा दोनों पक्षों को सकुशल रुक्सत किया गया।

